**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 16.08.2024**

**थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।**

दिनांक 15.08.2024 को थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान डिफैन्स कॉलोनी सिकन्दरपुर रोड से 01 अभियुक्त अदनान खान पुत्र अफजाल खान निवासी गरिमा गार्डन इकबाल कॉलोनी थाना टीलामोड़ गाजियाबाद उम्र 28 वर्ष को चोरी की 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अदनान खान पुत्र अफजाल खान उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त अदनान खान पुत्र अफजाल खान उपरोक्त ने पूछताछ से बताया कि मैने यह मोटर साइकिल खोड़ा थाना क्षेत्र से चोरी की थी। जिसे मैं फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर बेचने के लिए जा रहा था। अपने नशे का शौक पूरे करने के लिए मैं मोटर साइकिल चोरी करता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

अदनान खान पुत्र अफजाल खान निवासी गरिमा गार्डन इकबाल कॉलोनी थाना टीलामोड़ गाजियाबाद उम्र 28 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण**

- चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम।

**थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा एक वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार बरामद**

दिनांक 16.08.2024 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान अभियुक्त रियाजुद्दीन पुत्र यामीन निवासी भूडबराल थाना परतापुर जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की एक स्विफ्ट डिजायर कार रंग सफेद बरामद हुई। चेकिंग के दौरान कार के चैसिंस नम्बर को ई – चालान ऐप पर डालकर चैक किया गया तो उसके सम्बन्ध मे थाना ई पुलिस स्टेशन एम0वी0 थेफ्ट क्राइम ब्रांच दिल्ली में कार चोरी के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मोदीनगर पर समुचित धाराओं मे अभियोंग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है।

**पूछताछ का विवरण –**

पूछताछ करने पर अभियुक्त रियाजुद्दीन उपरोक्त ने बताया कि साहब ये कार मैने दिल्ली से चोरी की थी जिसको मै नम्बर प्लेट बदलकर काफी समय से अपने लोकल एरिया मे चला रहा था। आज भी मैं किसी काम से गाडी को लेकर निकला था कि चेकिंग में पकडा गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त –**

रियाजुद्दीन पुत्र यामीन निवासी भूडबराल थाना परतापुर जनपद मेरठ उम्र 32 वर्ष,

**बरामदगी का विवरण-**

फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार,

**आपराधिक इतिहास-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना मोदीनगर पर चोरी की कार बरामदगी के सम्बन्ध में 01 अभियोग तथा दिल्ली में कार चोरी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना मोदीनगर पुलिस टीम।

**स्वॉट टीम ट्रान्स हिण्डन जोन व थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत मिले सिर विहीन शव को रोड के किनारे फैकने की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 ऑटो रिक्शा, 01 ई-रिक्शा व 02 आलाकत्ल छुरी बरामद।**

दिनांक 22.06.2024 को थाना टीलामोड़ पर सूचना प्राप्त हुई कि लोनी भौपुरा रोड़ के किनारे नाले के पास एक अज्ञात व्यक्ति का सिर विहीन शव पडा हुआ है। जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना टीलामोड़ पुलिस मौके पर पहुँची तो यह तथ्य प्रकाश में आए कि लोक विहार सहकारी आवास समिति जंगल पंचशील लोनी भौपुरा रोड़ के किनारे नाले के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पडा था। जिसका सिर नही था। जिसके सम्बन्ध में थाना टीलामोड़ पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कराया गया। शव की पहचान हेतु व उपरोक्त घटना को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गई थी। तथा आस-पास के जनपदों, राज्यों में पतारसी-सुरागरसी एवं दर्ज समस्त गुमशुदगी व ऑनलाइन जिपनैट व आईसीजेएस के माध्यम से तथा परिजनों से व्यक्तिगत मिलकर शव शिनाख्त कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। उपरोक्त घटनाक्रम में थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, मैनुअल इनपुट व मुखबिर की सूचना के आधार पर 01 अभियुक्त विकास उर्फ मोटा पुत्र शिव शंकर प्रसाद गुप्ता उर्फ मुन्ना शाह हाल निवासी किरायेदार अमितपाल मं0नं0 457 गली नं01 ताहिरपुर थाना जी टी बी इन्कलेव दिल्ली मूल निवासी ग्राम विदुरिया थाना बलूराज जिला मुजफ्फरपुर बिहार उम्र 24 वर्ष का नाम प्रकाश में आया तथा सिरविहीन शव की शिनाख्त दिल्ली निवासी गणेश शाह द्वारा अपने साले का लड़का राजु कुमार पुत्र भैरो साह निवासी ग्राम बिसणपुरा थाना पीपरा जिला मोतिहारी बिहार उम्र करीब 29 वर्ष के रूप में हुई। विवेचना के क्रम मे सह अभियुक्त विकास उर्फ परमात्मा पुत्र जगदीश हाल निवासी किरायेदार अमितपाल मं0नं0 457 गली नं01 ताहिरपुर थाना जी टी बी इन्कलेव दिल्ली मूल पता ग्राम हुसैनी बाजार थाना डुमरीया घाट जिला मोतिहारी बिहार तथा धंनज्य पुत्र स्व0 श्री समा सहनी निवासी हुसैनी थाना डुमरिया घाट जनपद मोतिहार बिहार हाल निवासी उपरोक्त के नाम प्रकाश में आए। उपरोक्त घटनाक्रम में वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु स्वॉट टीम ट्रान्स हिण्डन जोन व

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम रवाना होकर दिनांक 15.08.2024 को अभियुक्त विकास उर्फ मोटा पुत्र शिव शंकर प्रसाद गुप्ता उर्फ मुन्ना शाह हाल निवासी किरायेदार अमितपाल मं0नं0 457 गली नं01 ताहिरपुर थाना जी टी बी इन्कलेव दिल्ली मूल निवासी ग्राम विदुरिया थाना बलूराज जिला मुजफ्फरपुर बिहार उम्र 24 वर्ष को 01 ऑटो रिक्शा व 01 आलाकत्ल छुरी के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा दिनांक 16.08.2024 को धंनज्य पुत्र स्व0 श्री समा सहनी निवासी हुसैनी थाना डुमरिया घाट जनपद मोतिहार बिहार हाल निवासी उपरोक्त को 01 ई-रिक्शा व 01 आलाकत्ल छुरी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>**पूछताछ का विवरण**</u>

1. **गिरफ्तार अभियुक्त विकास उर्फ मोटा पुत्र शिव शंकर प्रसाद गुप्ता उर्फ मुन्ना उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि** ऑटो रजि0 नं0 DL1RQ9275 के मालिक मेरे मामा है। जिनका नाम मुन्ना पुत्र महाराज सिंह निवासी हाल पता बी 1 – 134 जी 3 गोकलधाम सोसायटी डीएलएफ थाना शालीमार गार्डन गाजियाबाद स्थायी पता ग्राम हुसैनी बाजार थाना खजूरिया चौक जिला मोतिहारी बिहार उम्र 42 वर्ष है। उक्त ऑटो को मैं अपने मामा से लेकर किराये पर चलाता हूँ। दिनांक 21व22.06.2024 की रात्रि में मैंने व मेरे दोस्त विकास उर्फ परमात्मा पुत्र जगदीश जो मेरे साथ अमित पाल के घर ताहिरपुर दिल्ली में किराये पर रहता था। तथा धंनज्य पुत्र स्व0 श्री समा सहनी निवासी हुसैनी थाना डुमरिया घाट जनपद मोतिहार बिहार। हम तीनो ने मिलकर योजना बनाई और अपने किराये के मकान में योजना के मुताबिक राजू नाम के एक व्यक्ति को शराब पिलाकर गमछा से गले में फन्दा लगाकर पंखे से लटका दिया था। जिसका मृत अवस्था में शव को छिपाने के उद्देश्य से इसी ऑटो रजि0 नं0 DL1RQ9275 में रखकर पंचशील के जंगल में रोड़ के किनारे ऑटो को खड़ा करके शव को ऑटो से बहार निकालकर परमात्मा उर्फ विकास, धंनज्य व मेरे द्वारा चाकू से मृत व्यक्ति के शरीर से उसकी गर्दन को काट कर अलग कर दिया था। तथा सिर को एक प्लास्टिक की बाल्टी में रखकर इसी ऑटो से धड़ को रोड़ किनारे डालकर वापस हम तीनों अपने कमरे पर वापस चले गये थे।
2. **गिरफ्तार अभियुक्त धंनज्य पुत्र स्व श्री समासैनी ने पूछताछ में बताया कि** मै पिछले कुछ महीने पहले बिहार से काम करने हेतु दिल्ली आया था। अपने दूर के रिश्ते के मामा रंजीत कुमार ,रणधीर साहनी पुत्रगण देवेन्द्र साहनी म0नं0 1716 गढी हिम्मत गढ़ थाना कमला मार्केट नई दिल्ली के यहाँ रहकर खाना बनाने का काम करता था। मेरे ही गांव के रहने वाले मेरे करीबी दोस्त विकास उर्फ मोटा ऑटो चलाता था व विकास उर्फ परमात्मा ताहिरपुर दिल्ली में रहकर ई-रिक्शा चलाता था। जिनके पास में आता-जाता रहता था। जब भी मैं अपने दोस्तों के पास कमरे पर जाता था तो अक्सर ये दोनों मुझे कोई बडा काम करके पैसा कमाने का लालच देते थे। एक दिन मैने इनसे पूछ लिया कि ऐसा कौन सा बडा काम है जिससे पैसे मिलेंगे। तब विकास उर्फ परमात्मा ने बताया था कि मानव खोपडी प्राप्त कर तन्त्र-मन्त्र की क्रिया कर बहुत सारा पैसा कमाया जा सकता है। इसके लिये एक ऐसे व्यक्ति तलाश करो जिसकी हत्या कर मानव खोपडी प्राप्त की जा सके व तन्त्र-मन्त्र की क्रिया की जा सके। मेरे द्वारा हमदर्द चौराहा दिल्ली से एक व्यक्ति की तलाश की गयी। जिसका आगे पीछे कोई नही था व नशा करने का आदि था। हम तीनों के द्वारा दिनांक 15.06.2024 को उस व्यक्ति को नशा कराकर अपने साथ ले गये और दिनांक 21व22.06.2024 की रात्रि में हम तीनों ने मिलकर विकास उर्फ मोटा के कमरे में योजना के मुताबिक राजू नाम के एक व्यक्ति को शराब पिलाकर गमछा से गले मे फन्दा लगाकर पंखे से लटका दिया था। जिसका मृत अवस्था में शव को छिपाने के उद्देश्य से ऑटो में रखकर पंचशील के जंगल में रोड़ के किनारे ऑटो को खडा करके शव को ऑटो से बहार निकालकर

हम तीनों के द्वारा छूरी से मृत व्यक्ति के शरीर से उसकी गर्दन को काट कर अलग कर दिया था। तथा सिर को एक प्लास्टिक की बाल्टी में रखकर एवं इसी ऑटो से धड को रोड़ किनारे डालकर हम तीनों अपने कमरे पर वापस आ गये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता**

1. विकास उर्फ मोटा पुत्र शिव शंकर प्रसाद गुप्ता उर्फ मुन्ना शाह हाल नि0 किरायेदार अमितपाल मं0नं0 457 गली नं0 1 ताहिरपुर थाना जी टी बी इन्कलेव दिल्ली मूल निवासी ग्राम विदुरिया थाना बलूराज जिला मुजफ्फरपुर बिहार उम्र 24 वर्ष।
2. धनज्य पुत्र स्व श्री समासैनी निवासी हुसैनी थाना डुमरिया घाट जनपद मोतिहार विहार हाल नि0 किरायेदार अमितपाल मं0नं0 457 गली नं0 1 ताहिरपुर थाना जी टी बी इन्कलेव दिल्ली मूल निवासी ग्राम विदुरिया थाना बलूराज जिला मुजफ्फरपुर बिहार उम्र 25 वर्ष।

**फरार अभियुक्त का नाम व पता**

विकास उर्फ परमात्मा पुत्र जगदीश हाल पता अमित पाल किराये का मकान ताहिरपुर दिल्ली मूल पता ग्राम हुसैनी बाजार थाना डुमरीया घाट जिला मोतिहारी बिहार।

**बरामदगी का विवरण**

- घटना में प्रयुक्त 01 ऑटो रिक्शा, 01 ई-रिक्शा व 02 आलाकत्ल छुरी बरामद।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम**

स्वॉट टीम ट्रान्स हिण्डन जोन व थाना टीलामोड़ पुलिस टीम।

**थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल बरामद**

दिनांक 14.06.2024 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर वादी द्वारा लिखित सूचना कि उसके घर मंगल बाजार बहरामपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र मे अज्ञात चोर द्वारा रात्रि मे घर की छत पर रखा मोबाइल POCO कम्पनी चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु टीम का गठन किया गया।

दिनांक 16.08.2024 को थाना क्रासिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अमित पुत्र जतनपाल निवासी ग्राम नूरपुर मढिया थाना गुलावठी जिला बुलन्दशहर, हाल पता – किराये का मकान ग्राम मकनपुर थाना इन्दिरापुरम जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल POCO कम्पनी का बरामद हुआ। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण–**

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं एक दिन बहरामपुर क्षेत्र मे चोरी की फिराक मे घुम रहा था कि मै मंगल बाजार बहरामपुर मे एक मकान की छत पर चढा तो देखा कि एक सो रहे व्यक्ति के पास मोबाइल रखा था जिसको मैने चोरी कर लिया। मै अपने खर्चे के लिए बेचना चाह रहा था परन्तु पुलिस ने मुझे इस मोबाइल को बेचने से पहले पकड लिया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त–**

अमित पुत्र जतनपाल निवासी ग्राम नूरपुर मढिया थाना गुलावठी जिला बुलन्दशहर, हाल पता – किराये का मकान ग्राम मकनपुर थाना इन्दिरापुरम जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष,

**बरामदगी का विवरण-**

चोरी किया गया 01 मोबाइल,

**आपराधिक इतिहास-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर चोरी का 01 अभियोग व जनपद बागपत में चोरी व अवैध शस्त्र के 02 अभियोग पंजीकृत है, अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम।